# दिनांकः– 15.06.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाहीः–

प्रगति यात्रा के क्रम में पथ प्रमण्डल, रोसड़ा के अन्तर्गत रोसड़ा बाईपास (उत्तरी) कलवारा चौक (रोसड़ा–हथौड़ी पथ के 2रे कि0मी0) से धरहारा (एस0एच0–88 के 5वें कि0मी0) भाया लालपुर, मुहम्मदपुर एवं पवाडा तथा रोसड़ा बाईपास (दक्षिणी) रोहुआ (एस0एच0–55 के 37वें कि0मी0) तक के निर्माण कार्य (As per New alignment Total Length- 14.00 Km.) for the year 2024-25 की पुनर्निविदा दिनांक–14.03.2026 को प्राप्त की गई।

उपभागीय ज्ञापांक–1513 दिनांक–19.05.2026 द्वारा संसूचित दिनांक 18.05.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में छः निविदाकारों में से चार निविदाकार यथा चार निविदाकार यथा **(i)** M/s Veena Singh, **(ii)** M/s Broadway Links Private Limited, **(iii)** Rai Raj Construction Pvt. Ltd. एवं **(iv)** Sona Infracon Private Limited को तकनीकी बीड में सफल एवं शेष दो निविदाकार **(i)** M/s Sandhyasamrat Construction and Services Private Limited को SBD के ITB- Cl- 16 &IFB , NIT के क्रमांक–14 (a) एवं SBD के ITB Cl. 4.3 (j) के आलोक में एवं **(ii)** Aditya Enterprises को SBD के ITB Cl.- 4.5 A (c) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया।

विभागीय निदेश के अनुसार दो कार्य दिवस में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होने पर सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही वित्तीय बीड खोलने हेतु निदेश दिया गया।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में सफल निविदाकार, Sona Infracon Pvt. Ltd. के पत्रांक– MD/SIPL/2026-27/31, दिनांक– 21.05.2026 द्वारा परिवाद समर्पित किया गया है। विभागीय पत्रांक–3990(E)we, दिनांक15.06.2026 के आलोक में इसकी पुनर्समीक्षा की गयी, जो निम्नवत् है :–

| | परिवाद | समीक्षा |
|---|---|---|
| 1. | **Sona Infracon Pvt. Ltd. द्वारा प्राप्त परिवाद :–**<br>उपर्युक्त विषय के संबंध में सादर सूचित करना है कि मेरी कंपनी सोना इन्फ्राकॅन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल रोसड़ा अंतर्गत कार्य– Construction work of Rosera Bypass (North) from Kalwara chowk (2nd Km. of Rosera-Hathauri Kothi Road) to Dharha (SH-88) via Lalpur, Mohammadpur, Pawra and Rosera Bypass (South) from Rahua (Km. 26th of SH-55) to Daulatpur (37th Km. of SH-55) Total Length- 13-815 Km. under Road Division, Rosera (Samastipur) for the year 2024-25 के पुनर्निविदा में भाग लिया गया था। उक्त वर्णित निविदा के तकनिकी निविदा मुल्यांकन हेतु दिनांक– 18.05.2026 को भवदीय के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक की कार्रवाही में वर्णित निविदा के निविदाकार (1) M/s Broadway Links Private Limited (2) Rai Raj Construction Private Limited (3) M/s Veena Singh एवं (4) Sona Infracon Pvt. Ltd. की निविदा के तकनीकी रूप से सफल घोषित किया गया है तथा Aditya Enterprises को SBD के ITB Cl.- 4.5 A (c) के आलोक में असफल एवं (2) M/s Sandhya Samrat Construction and Services Private Limited को SBD के ITB- Cl.- 16 & IFB, NIT के क्रमांक– 14 (a) एवं SBD के ITB Cl. 4.3 (j) के आलोक में असफल घोषित किया गया है। जबकि, विश्वसनीय जानकारी, उपलब्ध तथ्यों एवं प्राप्त संकेतों के आधार पर मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त सभी निविदाकारों के निविदा दस्तावेजों में निम्नलिखित गंभीर त्रुटियाँ एवं अपूर्णताएँ पाई गई है, जो निविदा शर्तों यथा SBD/ITB/NIT/ विभागीय | Sona Infracon Pvt. Ltd. से प्राप्त परिवाद के अवलोकन से स्पष्ट है कि इनके द्वारा तकनीकी बीड में सफल/ असफल अन्य सभी निविदाकारों के विरूद्ध परिवाद समर्पित किया गया है। SBD के ITB Cl. 23.1 में प्रावधानित है कि "Information relating to the examination, clarification, evaluation and comparison of Bids and recommendations for the award of a contract shall not be disclosed to Bidders or any other persons not officially concerned with such process until the award to the successful Bidder has been announced. Any effort by a Bidder to influence the Employer's processing of Bids or award decisions may result in the rejection of his Bid."<br>Sona Infracon Pvt. Ltd. द्वारा समर्पित परिवाद से स्पष्ट है कि इनके द्वारा अन्य निविदाकारों के निविदा कागजातों का Unauthorised Access कर निविदा प्रक्रिया को प्रभावित करने के उद्देश्य से परिवाद समर्पित किया गया है। अतः इनके द्वारा SBD के ITB Cl. 23.1 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| | पत्रांक– 6158 दिनांक– 09.07.2014 पूर्व में इसी विभाग द्वारा निविदा समिती की बैठक में लिए गए निर्णय, माननीय उच्च न्यायलय एवं माननीय सर्वोच्च न्यायलय के कई फैसले, का स्पष्ट उल्लंघन है, एवं तकनीकी निविदा में असफल घोषित करने के योग्य है। जिसका विवरण निम्नवत है :–<br>**1. Aditya Enterprises के विरूद्ध प्राप्त परिवाद :–**<br>**(i) Technical Key Personnel**<br>निविदाकार Aditya Enterprises के निविदा दस्तावेज में साइट इंजीनियर, श्री नवीन शुक्ला (बी.टेक, सिविल इंजीनियरिंग), उत्तीर्ण वर्ष 16.10.2019, केवल 6 वर्ष का अनुभव। इसलिए SBD Clause 4.5 (B) (b) एवं SBD Technical Staff Criteria के अनुसार यह साइट इंजीनियर के लिए योग्य नहीं है। साइट इंजीनियर, श्री राहुल रंजन (बी.टेक. सिविल), उत्तीर्ण वर्ष सितंबर 2020, केवल 5 वर्ष का अनुभव। इसलिए SBD Clause 4.5 (B) (b) एवं SBD Technical Staff Criteria के अनुसार यह साइट इंजीनियर के लिए योग्य नहीं है। प्लांट इंजीनियर, श्री मिशिर कुमार (बी.ई. इलेक्ट्रिकल), उत्तीर्णता वर्ष 2017। जबकि SBD Clause 4.5 (B) (b) एवं SBD Technical Staff Criteria के शर्तों के अनुसार प्लांट इंजीनियर के लिए बी.ई. मैकेनकल कि आवश्यकता होती है, इसलिए यह प्लांट इंजीनियर पद के लिए अयोग्य है।<br>**(ii) Seek Reference Authority:**<br>निविदाकार Aditya Enterprises के द्वारा दस्तावेज में Seek Reference से संबंधित दस्तावेज संलग्न नहीं किया गया है, जो SBD क्लॉज 4.3 (i) का उल्लंघन है।<br>**(iii) Litigation History :**<br>निविदाकार Aditya Enterprises के द्वारा Litigation History से संबंधित दस्तावेज में माननीय उच्च न्यायालय पटना में लंबित वाद संख्या– CWJC- 6942/2025 को जानबूझ कर नहीं दर्शाया गया है, जो SBD Clause 4.3 (j) का उल्लंघन है। यहाँ यह भी सूचित करना चाहूँगा कि तकनिकी बिड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक–2400 (E) दिनांक– 10.04.2026 में एक अन्य निविदाकार को इसी कारण से तकनिकी निविदा में अयोग्य घोषित किया गया है। (अनु0– पृ0– 18 से 361, पृष्ठ– 1244 से 1279 संलग्न) | चूँकि यह Bidder पहले से ही अयोग्य घोषित है। अतः इस पर पुनर्समीक्षा की आवश्यकता नहीं है। |
| | **(2) M/s Broadway Links Private Limited के विरूद्ध परिवादः–**<br>**(i) Existing Comitment and on going work :**<br>निविदाकार M/s Broadway Links Private Limited के द्वारा अपने निविदा दस्तावेज में Existing Commitment and Ongoing Works से संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र संलग्न नहीं किया गया है। जबकि, इसके लिए Eproc portal पर निविदा प्रकाशन के साथ अनुलग्नक में Notification for Existing Commitment में विभागीय पत्रांक– 7930 (E) दिनांक– 26.11.2025 को अलग से संलग्न किया गया है। इसके बावजूद निविदाकार के द्वारा संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र / काउंटर साइन संलग्न नहीं किया गया है, जो SBD Clause- 4.7 एवं NIT clause-36 का उल्लंघन है। यहाँ यह भी सूचित करना चाहूँगा कि तकनिकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक–1612 दिनांक–18.05.2026 में एक | निविदाकार द्वारा कुल सात कार्यो का Existing Commitment निविदा में दर्शाया गया है। उनमें से पाँच कार्यों का संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा निर्गत प्रमाण-- पत्र निविदा के साथ संलग्न किया गया है। शेष दो कार्यों का प्रमाण– पत्र Dy General Manager (Project), Barauni Refinery, IOCL द्वारा हस्ताक्षरित है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |

| | |
|---|---|
| अन्य निविदाकार को इसी कारण से तकनिकी निविदा में अयोग्य घोषित किया गया है। | |
| निविदाकार M/s Broadway Links Private Limited के द्वारा अपने निविदा कागजात में "Works for which Bids already submitted" के तहत वेस्टर्न कोसी मेन कैनाल के दो बड़े कार्य दिखाए गए है, जिसमे स्टेटस "Responsive L1" दिखाया गया है। यदि इन दो कार्यो में निविदाकार निविदा तिथि से पूर्व L1 घोषित हो चुके थे तब यह दोनों कार्यों कि राशि SBD Clause 4.7 के अनुसार "B" के वैल्यू में जोड़ के दिखाना चाहिए। इसलिए निविदाकार के निविदा कि अहर्ता प्रस्तुत करने हेतु गलत जानकारी समर्पित किये है, जो SBD Clause 4.8 का उल्लंघन है। | निविदाकार को इस निविदा की तिथि तक उक्त दोनों कार्य आवंटित नही है। निविदाकार द्वारा उक्त दोनों कार्य Bids Already Submitted में दिखाया गया है एवं राशि सहित L-1 होने की बात भी बतायी गयी है। Existing Committment की गणना में उक्त दोनों कार्यों की राशि को सम्मिलित किया जा चुका है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु मान्य नहीं है। |
| **(ii) Seek Reference Authority:**<br>निविदाकार M/s Broadway Links Private Limited के द्वारा निविदा दस्तावेज में Seek Reference से संबंधित कागजात संलग्न नहीं किया गया है, जो SBD क्लॉज 4.3 (i) का उल्लंघन है। | इनके द्वारा समर्पित शपथ पत्र में SBD के प्रावधान के आलोक में अंकित है कि "The undersigned hereby authorizes and request(s) any bank, person, firm or corporation to furnish pertinent information deemed necessary and requested by the Department to verify this statement or regarding my (our) competence and general reputation."<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |
| **(iii) Litigation History:**<br>निविदाकार M/s Broadway Links Private Limited के द्वारा Litigation History से संबंधित दस्तावेज में माननीय उच्च न्यायालय पटना में लंबित वाद संख्या– CR. MISC-79435/2024 एवं वाद संख्या MA- 749/2023 को नहीं दर्शाया गया है। निविदाकार के विरूद्ध रोहतास जिला न्यायालय में भी वाद संख्या Execution Case- 151/2023 लंबित है, जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा जिला पदाधिकारी रोहतास सासाराम को निदेशित किया गया है कि डेटर के चल/अचल सम्पत्ती से आदेशित क्षतिपूर्ति की बकाया राशि भू–राजस्व की भांति वसूली कर आवेदक के पक्ष में जमा करावें। परन्तु, निविदाकार के द्वारा जानबूझ कर निविदा दस्तावेज में उपरोक्त लंबित वादों को नहीं दर्शाया गया है, जो SBD क्लॉज 4.3 (j) का उल्लंघन है। यहाँ यह भी सूचित करना चाहूँगा कि तकनिकी बिड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक– 2400 (E) दिनांक– 10.04.2026 में एक अन्य निविदाकार को इसी कारण से तकनिकी में अयोग्य घोषित किया गया है। | परिवाद में वर्णित वाद Execution Case No.-151/2023, MA 794/2023, Cr. Misc.79435/2024 व्यक्तिगत सड़क दुर्घटना से संबंधित मामले हैं। ये मामले किसी कार्य विभाग के कार्य से संबंधित नहीं है। ऐसे मामलों को Litigation History के तहत् दर्शाने की बाध्यता नहीं है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |
| **(iv) Address/Principal Place of Business:**<br>निविदाकार M/s Broadway Links Private Limited के निविदा दस्तावेज में पते संबंधी जानकारी में स्पष्ट असंगति एवं अस्पष्टता दिखाई देती है। एक ओर Registered Office का पता M/s Shakti Earth Movers LLP, C/O Ajay Kumar, NH-31, Singhol, Sushil Nagar, Begusarai दर्शाया गया है, जबकि Head Office का पता Sri Krishna Nagar, Begusarai अंकित है। इसके अतिरिक्त Technical Sheet में "Principal Place of Business PATNA, BEGUSARAI, BIHAR" जैसी अस्पष्ट एवं अनिश्चित प्रविष्टि दर्ज है, जिससे वास्तविक Principal Place of Business स्पष्ट रूप से निर्धारित नहीं हो पाता SBD Clause 4-3 (a) के अन्तर्गत निविदाकार की legal status, place of registration तथा principal place of business की स्पष्ट एवं सुसंगत जानकारी देना अनिवार्य है। इसलिए नविदाकार M/s Broadway Links | निविदाकार पथ निर्माण विभाग में निबंधित है तथा Company Act के तहत भी Pvt. Ltd. में निबंधित है। विभागीय पत्रांक–6158(S) दिनांक 09.07.2014 के आलोक में परिवाद में वर्णित तथ्य वांछित अर्हत्ता में सम्मिलित नहीं है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |

| | | |
|---|---|---|
| | Private Limited, SBD Clause 4-3 (a) के अनुसार निविदा कि अहर्ता को पूर्ण नहीं करते है। (अनु0– पृ0– 18 से 32, 362 से 446 एवं पृ0 1232 से 1243 संलग्न) | |
| | **(3) Rai Raj Construction Private Limited के विरूद्ध परिवादः–**<br>**(i) Technical Key Personnel :**<br>निविदाकार Rai Raj Construction Private Limited के निविदा दस्तावेज में साईट इंजिनियर के रूप में अशोक चक्रवर्ति को दर्शाया गया है, जिनका इंजीनियरिंग से संबंधित कोई भी प्रमाणपत्र निविदा के साथ संलग्न नहीं है। इसी तरह, साईट इंजिनियर रिशव कुमार का भी कोई भी प्रमाणपत्र निविदा दस्तावेज के संलग्न नहीं है। इसलिए निविदाकार SBD Clause 4. 5 (B) (b) एवं SBD Technical Staff Criteria के शर्तों के अनुसार निविदा कि अहर्ता को पूर्ण नहीं करते है। | निविदाकार द्वारा वांछित Key Personnel की सूची Upload किया गया है। साथ ही इनके द्वारा Undertaking दिया गया है, जिसमें अंकित है कि "I the undersigned, do hereby certify that all the statements made in the required attachments are true and correct and if found fake/forged, the undersigned will be liable to be inflicted upon the FIR and lawful punishment as well as black listing."<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु मान्य नहीं है। |
| | **(ii) Existing Commitment and Ongoing Works :**<br>निविदाकार Rai Raj Construction Private Limited के निविदा दस्तावेज में पथ प्रमंडल बिहारशरीफ का दो प्रोजेक्ट्स जो रूपये 25.80 करोड़ एवं 16.82 करोड़ रूपये, जिसकी कुल राशि– 42.62 रूपये है, उसे Existing Commitment and Ongoing Works में नहीं दर्शाया गया है। जिससे यह स्पष्ट होता है कि इनके द्वारा तथ्यों को छुपाकर निविदा कि अहर्ता को प्रस्तुत किया गया है। अतः निविदाकार SBD Clause- 4-1, 4.3 (j), 4.7 एवं 4.8 के अनुसार निविदा कि अहर्ता को पूर्ण नहीं करते हैं। | परिवादी द्वारा कार्य का नाम परिवाद में अंकित नहीं किया गया है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु मान्य नहीं है। |
| | **(iii) Seek Reference Authority :**<br>निविदाकार Rai Raj Construction Private Limited के द्वारा निविदा दस्तावेज में Seek Reference Authority से संबंधित कागजात संलग्न नहीं किया गया है, जो SBD क्लॉज 4.3 (i) का उल्लंघन है। | इनके द्वारा समर्पित शपथ पत्र में SBD के प्रावधान के आलोक में अंकित है कि "The undersigned hereby authorizes and request(s) any bank, person, firm or corporation to furnish pertinent information deemed necessary and requested by the Department to verify this statement or regarding my (our) competence and general reputation." अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |
| | **(iv) Litigation History :**<br>निविदाकार Rai Raj Construction Private Limited के द्वारा Litigation History से संबंधित दस्तावेज में माननीय उच्च न्यायलय पटना में लंबित वाद संख्या– CWJC- 16512/2025 एवं CWJC- 16485/2025 को जानबूझ कर नहीं दर्शाया गया है, जो SBD क्लॉज 4.3 (j) का उल्लंघन है। यहाँ यह भी सूचित करना चाहूँगा कि तकनिकी बिड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक– 2400 (E) दिनांक– 10.04.2026 में एक अन्य निविदाकार को इसी कारण से तकनिकी निविदा में अयोग्य घोषित किया गया है। (अनु0– पृ0– 18 से 32, 447 से 852, 1232 से 1243 संलग्न) | माननीय उच्च न्यायालय पटना की Website पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार वाद सं0– CWJC- 16512/2025 एवं CWJC- 16485/2025 में निविदाकार Rai Raj Construction Private Limited petitioner हैं एवं वर्णित वाद वर्तमान में लंबित है।<br>निविदाकार द्वारा उपरोक्त लंबित वाद को Litigation History में नहीं दर्शाया गया है। अतः परिवाद |

| | | |
|---|---|---|
| | | का यह बिन्दु मान्य है। |
| | **(4) M/s Sandhya Samrat Construction and Services Private Limited के विरूद्ध परिवादः–**<br>**(i) Litigation History :**<br>निविदाकार M/s Sandhya Samrat Construction and Services Private Limited के द्वारा निविदा दस्तावेज में Litigation History से संबंधित कागजात में Litigation History को NIL दर्शाया गया है, जबकि माननीय उच्च न्यायलय पटना में निविदाकार के ऊपर वाद संख्या– (i) CWJC- 7380/2025 (ii) CWJC – 3852/2026 (iii) MJC- 2556/2024 (iv) CWJC-9022/2024 एवं (v) CWJC- 1117/2024 कुल 5 वाद लंबित है, जिसे निविदाकार के द्वारा जानबूझ कर Litigation History में नहीं दर्शाया गया है, जो SBD क्लॉज 4.3 (j) का उल्लंघन है। यहाँ यह भी सूचित करना चाहूँगा कि तकनिकी बिड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही ज्ञपांक– 2400 (E) दिनांक– 10.04.2026 में एक अन्य निविदाकार को इसी कारण से तकनिकी निविदा में अयोग्य घोषित किया गया है।<br>**(ii) Board Resolution :**<br>निविदाकार M/s Sandhya Samrat Construction and Services Private Limited के द्वारा निविदा दस्तावेज में संलग्न Board Resolution से संबंधित कागजात में कार्य का नाम एवं NIT नंबर का उल्लेख नहीं किया गया है, तथा Board Resolution कि तिथि NIT के तिथि से पूर्व की है। इसलिए इनके द्वारा SBD Clause 4.2 (iv) का उल्लंघन किया गया है।<br>**(iii) Power of Attorney :**<br>निविदाकार M/s Sandhya Samrat Construction and Services Private Limited के द्वारा निविदा दस्तावेज में 1000 रूपये के स्टाम्प पेपर पर Power of Attorney संलग्न नहीं किया गया है, जबकि निविदाकार एक Private Limited फर्म है। अतः निविदाकार SBD Clause 4.2 (iv) के अनुसार निविदा के अहर्ता को पूर्ण नहीं करते है।<br>**(iv) Key Personnel :**<br>निविदाकार M/s Sandhya Samrat Construction and Services Private Limited के द्वारा निविदा दस्तावेज में Key Personnel से संबंधित कागजात में 17 अभियंता के स्थान पर केवल 8 अभियंताओं का शपथपत्र एवं प्रमाणपत्र संलग्न किया गया है, जो SBD Clause 4.5 (B) (b) का उल्लंघन है और ये निविदा कि अहर्ता को पूर्ण नहीं करते है। | चूँकि यह Bidder पहले से ही अयोग्य घोषित है। अतः इस पर पुनर्समीक्षा की आवश्यकता नहीं है। |

| | | |
|---|---|---|
| | **(5) M/s Veena Singh के विरूद्ध परिवादः–**<br>**(i) Existing Commitment and Ongoing Works :**<br>निविदाकार M/s Veena Singh के द्वारा अपने निविदा दस्तावेज में Existing Commitment and Ongoing Works से संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र संलग्न नहीं किया गया है। साथ ही इनके निविदा कागजात में Existing Commitment and Ongoing Works में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल मंझौल बखरी अंतर्गत कार्य– T01 – Parsa to Samsa कार्य का जो भुगतान राशी दर्शाया गया है, वह गलत है। जबकि, इसके लिए Eproc portal पर निविदा प्रकाशन के साथ अनुलग्नक में Notification for Existing Commitment में विभागीय निविदा प्रकाशन के साथ अनुलग्नक में Notification for Existing Commitment में विभागीय पत्रांक– 7930 (E) दिनांक– 26.11.2025 को अलग से संलग्न किया गया है, तथा इसी कार्य के पूर्व निविदा में निविदाकार M/s Veena Singh को Existing Commitment and Ongoing Works से संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र संलग्न नहीं करने के कारण तकनिकी निविदा में अयोग्य किया गया था। इसके बावजूद निविदाकार के द्वारा संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र/काउंटर साइन संलग्न नहीं किया गया है, जो SBD Clause- 4.7 एवं NIT Clause- 36 का उल्लंघन है। यहाँ यह भी सूचित करना चाहूँगा कि तकनिकी बिड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक– 1612 दिनांक– 18.05.2026 में एक अन्य निविदाकार को इसी कारण से तकनिकी निविदा में अयोग्य घोषित किया गया है। (अनु0 पृ0– 8 से 32 संलग्न) | निविदाकार, M/s Veena Singh द्वारा बीड में Uploaded Existing Commitments में दिये गये विवरणी के साक्ष्य में Engineer-in-Charge द्वारा प्रदत्त Supporting Certificates संलग्न किया गया है।<br>परिवाद की पुनर्समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ एवं कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, खगड़िया द्वारा निर्गत OPRMC से संबंधित Existing Commitment से वास्तविक Commitment स्पष्ट नहीं होने के कारण संबंधित कार्यपालक अभियंता से Existing Commitment का पुनः Clarify कराया गया, जिसके आधार पर निविदाकार, M/s Veena Singh की Bid Capacity की पुनः गणना की गयी है जो ₹ 31350.95 लाख आती है एवं Bid Capacity हेतु वांछित राशि ₹ 7036.08278 लाख से अधिक है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु मान्य नहीं है। |
| | **(ii) Litigation History :**<br>निविदाकार M/s Veena Singh के द्वारा Litigation History से संबंधित दस्तावेज में Litigation History को NIL दर्शाया गया है, जबकि उनके ऊपर माननीय उच्च न्यायालय पटना में वाद संख्या– MJC- 1818/2022 एवं CWJC-18894/2025 लंबित है। विभागीय पत्रांक– 6158 दिनांक– 09.07.2014 में SBD/MBD/CMBD आधारित Eligibility Criteria और Affidavit की अनिवार्यता स्पष्ट की गयी है, जिसमें निविदाकार के द्वारा सभी Statement/Attachment true and correct होने की घोषणा तथा False/forged पाए जाने FIR, Lawful Punishment एवं Blacklisting की जिम्मेदारी स्वीकार की जाती है। निविदाकार M/s Veena Singh के Qualification Information 1.11 में Litigation History NIL दिखाई गयी है, जबकि निविदाकार ने अपने शपथपत्र में पारा 13 में MJC-1818/2022 एवं CWJC- 18894/2025 स्वीकार किया गया है, और पारा 16 में फिर से No Litigation History घोषित किया गया है। यह Self- Contradictory, Misleading और Material false declaration है जो SBD Clause 4.3 (j), 4.8 तथा विभागीय पत्रांक– 6158 दिनांक– 09.07.2014 के विपरीत है। (अनु0 पृ0– 18 से 32, 1192 –1243) | निविदाकार द्वारा अपने निविदा में दो स्थानों पर Litigation History, NIL बताया गया है। साथ ही शपथ पत्र के माध्यम से परिवाद में वर्णित Court Cases को Litigation History में दर्शाया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि Litigation History को छुपाने का इनका उद्देश्य नहीं था। परिवाद में वर्णित Court Cases को निविदाकार द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से बता दिया गया है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |

| | |
|---|---|
| **(iii) Bid Security (EMD) :**<br>निविदाकार M/s Veena Singh के द्वारा बिड सिक्यूरिटी के रूप में भारतीय स्टेट बैंक शाखा– डाक बंगला रोड, बेगुसराय का जो बैंक गारंटी संलग्न किया गया है, वह कंडीशनल बैंक गारंटी है एवं उसमे निविदा समर्पित करने कि तिथि– 24.04. 2025 अंकित है, जबकि NIT के अनुसार निविदा समर्पित करने कि तिथि– 14.03.2026 है। बैंक गारंटी बनवाने कि प्रक्रिया में आवेदक के द्वारा बैंक को Text दिया जाता है, और उसकी चार स्तर पर जाँच होने के उपरांत एवं आवेदक से दो बार इसकी पुष्टि होने के उपरांत ही बैंक गारंटी प्रिंट होकर मिलता है। इससे यह साफ प्रतीत होता है कि निविदा में समर्पित बैंक गारंटी इस निविदा के लिए बना ही नहीं है, एवं यह टंकण भूल भी नहीं है। किसी भी विशेष परिस्थिति में विभाग को वर्णित बैंक गारंटी रिवोक कराने में कानूनी अरचन का सामना करना पर सकता है। विभागीय पत्रांक– 6158 दिनांक– 09.07.2014 में भी साफ–साफ वर्णित है कि Earnest Money प्रथम प्रक्रम में आता है, जिसमें कोई भी संसोधन या बदलाव मान्य नहीं है। इस तरह निविदाकार M/s Veena Singh, SBD Clause 16-1 (d) एवं NIT Clause 14 (a) के अनुसार निविदा कि अहर्ता को पूर्ण नहीं करते है। इस मामले से संबंधित माननीय सर्वोच्च न्यायलय के वाद Central Coalfields Ltd. Vs SLL-SML, (2016) 8 SCC 622 में फैसला भी आया हुआ है। (अनु0– 1228 से 1231 संलग्न) | परिवादी द्वारा BG पर अंकित "Bid Dated 24.05.2025" को आधार बनाकर परिवाद दिया गया है। MS Veena Singh द्वारा निविदा में SBD के विहित प्रपत्र में वांछित राशि का B.G. संलग्न किया गया है, जिसपर निविदित कार्य का नाम, NIT नं0 सही–सही अंकित है तथा यह कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, रोसड़ा के नाम से Pledged है। संबंधित Bank द्वारा इसका सत्यापन किया जा चुका है। अतः Bank द्वारा टंकण भूल के कारण अंकित Bid Date के आधार पर इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित नहीं किया जा सकता है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |
| **(iv) Bank Certificate/Availability of Credit Facility :**<br>निविदाकार M/s Veena Singh के द्वारा निविदा दस्तावेज में Bank Certificate/Availability of Credit Facility से संबंधत Bank Certificate का जो कागजात संलग्न किया गया है, वह कंडीशनल है, जो SBD Clause 4.2 (i) का उल्लंघन है। इसलिए निविदाकार निविदा कि वांछित अहर्ता को पूर्ण नहीं करते है। इस संबंध में पूर्व में भी विभागीय परिवाद समिति कि बैठक की कार्रवाई ज्ञापांक– 2400 (E) 10.04.2026 में निविदाकार को समान कारण से तकनिकी निविदा में अयोग्य घोषित किया गया है। यहाँ यह भी सूचित करना चाहूँगा कि तकनिकी बिड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक– 2400 (E) दिनांक– 10.04.2026 में एक अन्य निविदाकार को इसी कारण से तकनिकी निविदा में अयोग्य घोषित किया गया है। (अनु0– पृ0 18 से 32, एवं 1228 से 1231)<br>माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने Central Coalfields Ltd. v. SLL-SML, Civil Appeal Nos. 8004-8005/2016, दिनांक– 17. 08.2016, (2016) 8 SCC 622 में स्पष्ट किया है कि Prescribed Bank Guarantee/Bid Security format essential tender condition है और उसके deviation पर bid non-responsive मानी जा सकती है। Bakshi Security v. Devkishan Computed, Civil Appeal No. 6978/2016, दिनांक– 26.07.2016 (2016) 8 SCC 446 में essential tender conditions के strict compliance को मान्यता दी गई है। B.S.N. Joshi v. Nair Coal Services, Civil Appeal No. 4613/2006, दिनांक 31.10.2026 (2006) 11 SCC 548 में essential/non-essential tender conditions का सिद्धांत दिया गया है। Tata Cellular v. Union of India, (1994) 6 SCC 651, Jagdish Mandal v. State of Orissa, (2007) 14 SCC 517 तथा N.G. Projects v. Vinod Kumar Jain, Civil Appeal No. 1846/2022, दिनांक 21.03.2022 के अनुसार tender evaluation में Court/authority decision-making process, arbitrariness, mala fide और equal treatment को देखती है। इसलिए SBD/NIT की mandatory conditions को सभी bidders पर | MS Veena Singh द्वारा Rs. 800.00 Lac का Bank Certificate निविदा के साथ संलग्न किया गया है, जो SBD के विहित प्रपत्र में है। Bank द्वारा अन्त में "As Per terms & Conditions of the Bank" अंकित किया गया है। Bank अपने ही शर्त्तों पर Credit Facility देता है। साथ ही विभागीय पत्रांक–2152(E)we, दिनांक 03.04.2013 द्वारा निदेशित है कि किसी संवेदक के पास कार्य क्षमता हो तो Bank से Credit Facility Conditional होने के आधार पर असफल नहीं किया जा सकता है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |

| | | |
|---|---|---|
| | समान रूप से लागू करना आवश्यक है। उपरोक्त वर्णित सभी निविदाकार के मामले में उठाये गए परिवाद के बिन्दुओं पर माननीय उच्च न्यायालय पटना के वाद संख्या– CWJC-1840/2025 एवं CWJC- 883/2026 के फैसले, मेरे द्वारा उठाये गए के बिन्दुओं को संपुष्ट करता है, जिसे न मानना माननीय उच्च न्यायालय का अवहेलना होगा।<br>अतः भवदीय से विनम्र अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दुओं पर पुनः विचार करते हुए उपरोक्त वर्णित निविदा के निविदाकारों (1) Aditya Enterprises (2) M/s Broadway Links Private Limited (3) Rai Raj Construction Private Limited (4) M/s Sandhya Samrat Construction and Services Private Limited, एवं (5) M/s Veena Singh के तकनिकी निविदा का पुनर्मूल्यांकन करते हुए, उचित निर्णय लेने की कृपा करेंगे। इसके लिए मैं भवदीय का सदा आभारी रहूँगा। | |

**निष्कर्ष** :– तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा Sona Infracon Pvt. Ltd. के पत्रांक–MD/SIPL/2026-27/31, दिनांक– 21.05.2026 द्वारा दिए गए परिवाद की समीक्षा दिनांक 03.06.2026 को की गई थी। विभागीय पत्रांक–3990(E)we, दिनांक 15.06.2026 के आलोक में उपर्युक्त परिवाद की पुनर्समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उपभागीय ज्ञापांक–1513 दिनांक–19.05.2026 द्वारा संसूचित दिनांक 18.05.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय को निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

उक्त निविदा में कुल छः निविदाकारों में से दो निविदाकार यथा **(i)** M/s Broadway Links Private Limited एवं **(ii)** M/S Veena Singh को तकनीकी बीड में सफल तथा शेष चार निविदाकार यथा **(i)** M/s Sandhyasamrat Construction and Services Private Limited को SBD के ITB- Cl- 16 &IFB , NIT के क्रमांक–14 (a) एवं SBD के ITB Cl. 4.3 (j) के आलोक में, **(ii)** Aditya Enterprises को SBD के ITB Cl.- 4.5 A (c) के आलोक में, **(iii)** Sona Infracon Pvt. Ltd. को SBD के ITB Cl. 23.1 के आलोक में एवं **(iv)** Rai Raj Construction Pvt. Ltd. को SBD के ITB Cl. 4.3 (j) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल करने की अनुशंसा की जाती है।

परिवाद की पुनर्समीक्षा में पूर्व की समीक्षा में तकनीकी बीड में सफल निविदाकार असफल हो गये हैं। अतः विभागीय आदेश–141–सह पठित ज्ञापांक–5355(S), दिनांक 28.10.2021 के आलोक में तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड विभागीय अनुमोदन के पश्चात् खोलने का निर्णय लिया जाता है। निर्धारित अवधि (दो कार्य दिवस) में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/ आपत्ति प्राप्त होने पर इसकी पुर्नसमीक्षा कर सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरान्त ही वित्तीय बीड खोला जायेगा। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की इस कार्यवाही को विभागीय Website पर प्रदर्शित करने के साथ– साथ निविदा में शामिल निविदाकारों को उनके e-mail से संसूचित किया जाय।

15.06.26

(राम सकल सिंह)
अधीक्षण अभियंता,
पथ अंचल, दरभंगा।

(रिक्त),
मुख्य अभियंता, उत्तर, के सचिव (प्रा0)
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना

15/06/26

(सुनील कुमार सुमन),
मुख्य अभियंता, उत्तर,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक :–प्र0–23 / उत्तर(निविदा)21–30 / 2025– 1848 पटना, दिनांक :– 15.06.2026

**प्रतिलिपि** :–आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु एवं निविदा में शामिल सभी निविदाकारों को सूचनार्थ प्रेषित।

15/06/26

(सुनील कुमार सुमन)
मुख्य अभियंता, उत्तर,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक :–प्र0–23 / उत्तर(निविदा)21–30 / 2025– 1848 पटना, दिनांक :– 15.06.2026

**प्रतिलिपि** :– अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा / कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, रोसड़ा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/06/26

(सुनील कुमार सुमन)
मुख्य अभियंता, उत्तर,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक :–प्र0–23 / उत्तर(निविदा)21–30 / 2025– 1848 पटना, दिनांक :– 15.06.2026

**प्रतिलिपि** :–अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

15/06/26

(सुनील कुमार सुमन)
मुख्य अभियंता, उत्तर,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना